प्रादेशिक समाचार

दिनांक–09.08.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- पेरिस ओलंपिक में भारत को मिली दोहरी खुशी, भाला फेंक स्पर्धा में नीरज चोपड़ा ने दिलाया पहला रजत पदक, हॉकी टीम ने कांस्य पर जमाया कब्जा।
- देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देने के लिए देश भर में आज से हर घर तिरंगा अभियान, केन्द्र सरकार ने आम लोगों से अभियान का हिस्सा बनने का किया आह्वान।
- राजधानी रांची में जमीन फर्जीवाड़ा से जुड़े मामलों की जांच के लिए राज्य सरकार ने गठित की एसआईटी, टीम में छह आईपीएस अधिकारी शामिल।
- सिंगापुर की एक कंपनी ने विधायक सरयू राय के खिलाफ 100 करोड़ की मानहानि का किया केस, विधायक ने कहा– मुकदमे का देंगे मुहंतोड़ जवाब।
- झारखंड आदिवासी महोत्सव आज से, राज्यपाल होंगे मुख्य अतिथि, दिखेंगी समृद्ध आदिवासी जीवन दर्शन की झलकियां।

****

पेरिस ओलिंपिक में कल का दिन भारत के लिए दोहरी खुशी लेकर आया। भारतीय एथलीट नीरज चोपड़ा ने जहां सीजन का अपना सर्वश्रेष्ठ 89 दशमलव चार–पांच मीटर थ्रो करके पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में रजत पदक जीता। वहीं हॉकी टीम ने भारत को चौथा कांस्य पदक दिलाया।

****

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नीरज चोपड़ा और भारतीय पुरुष हॉकी टीम को बधाई दी है। इस बीच हॉकी इंडिया ने पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने पर पुरुष हॉकी टीम के प्रत्येक खिलाड़ी को 15 लाख रुपये और सहयोगी सदस्यों को साढे सात लाख रुपये के नकद पुरस्कार की घोषणा की है।

****

देशभक्ति की भावना को बढावा देने के लिए देश में हर घर तिरंगा अभियान आज से 15 अगस्तृ तक चलाया जायेगा। नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में केन्द्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने लोगों से अनुरोध किया कि वे अपने अपने घरों पर तिरंगा फहरायें और तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर हर घर तिरंगा वेबसाइट पर अपलोड करें।

****

राजधानी रांची में जमीन फर्जीवाड़ा से जुड़े मामले की जांच के लिए राज्य सरकार ने एसआईटी का गठन किया है। राज्य के पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने बताया कि एसआईटी में छह आइपीएस अधिकारियों को शामिल किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि एसआईटी जमीन के फर्जी कागजात तैयार कर या बल प्रयोग कर गलत तरीके से जमीन हस्तानांतरण से संबंधित मामले की जांच करेगी।

****

कोडरमा जिले में पर्यटन स्थलों के सौंदर्यीकरण के साथ आधारभूत संरचनाओं में बदलाव की कार्य योजना तैयार की गई है।

****

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।
****

सिंगापुर की एक कंपनी ने विधायक सरयू राय के खिलाफ 100 करोड़ की मानहानि का दावा किया है। इस सिलसिले में कंपनी ने रांची सिविल कोर्ट में शिकायतवाद दर्ज करायी है। कंपनी का आरोप है कि श्री राय बिना किसी ठोस आधार के कंपनी के खिलाफ विवादित बयान देते आये हैं। इससे कंपनी की छवि धूमिल हुई है और उसे आर्थिक क्षति उठानी पड़ी है। इस बीच विधायक सरयू राय ने कहा कि वे इस मुकदमे का मुहंतोड़ जवाब देंगे।

****

विश्व आदिवासी दिवस पर आज से दो दिवसीय झारखंड महोत्सव की शुरुआत हो रही है। रांची के बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान में इसे लेकर व्यापक तैयारी की गयी है। इस महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार शामिल होंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे। इस बार यह महोत्सव कई मायनों में अनोखा होगा। इसमें समृद्ध आदिवासी जीनव दर्शन की झलकियां दिखेंगी। सांस्कृतिक कार्यक्रम में दूसरे राज्यों से आये कलाकार अपनी प्रस्तुति देने के लिए तैयार हैं।
****

विश्व आदिवासी दिवस पर पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री और खूंटी विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने आदिवासियों को शुभकामनाएं दीं हैं। खूंटी में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि यह दिवस आदिवासियों को सुरक्षित और संरक्षित रखने का संदेश देता है। जनजातीयों के विकास के लिए सामूहिक प्रयास किया जाना चाहिए।
****

अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने पेरिस ओलंपिक में भारत को एक साथ मिले दो पदक की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।
दैनिक भास्कर ने लिखा है– सबसे पदकदार दिन।
हिन्दुस्तान की सुर्खी है– नीरज के भाले से भारत को चांदी।
दैनिक जागरण लिखता है– चांदी सा नीरज, कांसे सी हॉकी।
प्रभात खबर ने मुख्यमंत्री के हवाले से लिखा है– अगली सरकार में हर घर तक एक लाख रुपये पहुंचाने का फार्मूला तैयार।
रांची एक्सप्रेस ने लिखा है– हो जायें सावधान, 20 राज्यों में जमकर बरसेंगे बदरा।
अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने भी पेरिस ओलंपिक में भारत के शानदार प्रदर्शन की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।
****